पाठ → 4 संज्ञा

परिभाषा ⇒ जो शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव की पहचान कराए उसे संज्ञा कहते हैं। उदाहरण - गाय, फूल, दुख, मोहन, आगरा, गेंद आदि।

संज्ञा के भेद ⇒ सभी नामों को तीन भागों में बाटा गया है -

1. व्यक्तिवाचक संज्ञा
2. जातिवाचक संज्ञा
3. भाववाचक संज्ञा

अभ्यास कार्य नम्बर 1 व नम्बर 7 हिन्दी कॉपी में लिखे। बाकी कार्य व्याकरण Book में Complete करें।

आओ अभ्यास करें।



1. नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा शब्दों पर ◯ गोला लगाओ तथा उन्हें दिए गए स्थान पर लिखो । उदाहरण देखो -

वाक्य	संज्ञा शब्द
1. मैं जयपुर में रहता हूँ ।	जयपुर
2. रेखा मेरी बहन है ।	
3. गरीबों पर दया करो ।	
4. गीता रोटी बना रही है ।	
5. किसी से घृणा मत करो ।	
6. बच्चे पतंग उड़ा रहे हैं ।	
7. आज बहुत गरमी है ।	

2. नीचे लिखे संज्ञा शब्दों को उनके भेद के अनुसार छाँटकर दिए गए स्थान पर लिखो ।

संज्ञा शब्द

कबूतर	भलाई	पटना	मिठास	सरदी	अध्यापिका
चूहा	रंजना	शीला	सफलता	शिवाजी	पलंग

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा

3. व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द पर ◯ गोला लगाओ । उदाहरण देखो -

1.	गाय	गांधी जी	बुराई	बैल
2.	बच्चा	कुरसी	औरत	जयपुर
3.	बंदर	पंखा	अमिताभ बच्चन	फूल
4.	लालकिला	चिड़िया	दूध	पलंग
5.	सेब	जनवरी	दिन	जूता

4. जातिवाचक संज्ञा शब्द पर ◯ गोला लगाओ । उदाहरण देखो -

1.	बकरी	रमेश	शीला	सच्चाई
2.	अक्षय	स्त्री	दिल्ली	पटना
3.	ईशा	रमन	तोता	बुढ़ापा
4.	गंगा	शेर	अनिल	अनीता
5.	भाई	ताजमहल	हरियाली	आगरा

5. भाववाचक संज्ञा शब्द पर ◯ गोला लगाओ । उदाहरण देखो -

1.	मिठास	जंगल	पेड़	मेज़
2.	औरत	बच्चा	रमेश	गरमी
3.	पेंसिल	ठंडक	बनारस	जहाज़
4.	ऊँचाई	विद्यालय	माला	छात्र
5.	बगीचा	सुंदरता	पुस्तक	बहन

OPPO F11 Pro

6. नीचे लिखे शब्दों में जो संज्ञा शब्द नहीं हैं, उन पर गलत (×) का निशान लगाओ । उदाहरण देखो -

			मेज़	तोता
1.	केला	खाना ×	आम	जाना ×
2.	माँ	भाई	दोस्ती	मैं ×
3.	पेंसिल	सच्चाई	ऊँट	दौड़ना ×
4.	जूता	चिड़िया	आप ×	जुराब
5.	मार्च	शनिवार	काला ×	पिताजी
6.	हाथी	चींटी	कमज़ोरी	चाचा
7.	लंबाई	कूदना ×	मिठास	मैदान
8.	पढ़ना ×	सेब		

7. सही संज्ञा शब्द छाँटकर वाक्य पूरे करो ।

आगरा, तोता, किसान, बगीचा, मित्रता, विद्यालय, सचिन तेंदुलकर, परिश्रम

1. पेड़ पर तोता बैठा है ।
2. यह बगीचा बहुत सुंदर है ।
3. अजय और रमन में मित्रता है ।
4. सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के महान खिलाड़ी हैं ।
5. किसान अन्न उपजाता है ।
6. अध्यापक विद्यालय में छात्रों को पढ़ाते हैं ।
7. परिश्रम ही सफलता की कुंजी है ।
8. ताजमहल आगरा में स्थित है ।